पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

————————

राज्यपाल ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दी

———————

लखनऊ : 12 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भारतीय प्रतिपदा नवसंवत्सर 2078, नवरात्रि, बैसाखी, चेटीचंद जयंती एवं पवित्र माह रमजान के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे कोरोना महामारी की गंभीरता को देखते हुए कोविड–19 के नियमों का पालन करें तथा 45 वर्ष के ऊपर आयु के लोग कोरोना वैक्सीन लगवाकर 'टीका उत्सव' में सहभाग करें।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (197/43)